दिन—बुधवार दिनांक— 10 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। आज पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को लंबित योजनाओं पर तेजी से काम शुरू कर, तय समय सीमा के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान चार सौ अट्ठाईस योजनाओं को स्वीकृति मिली। सिर्फ दो योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पाई गयी हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं पर पचास हजार करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

———————————————————————

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा जारी है। चर्चा में भाग लेते हुये भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने एसआईआर और चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। श्री प्रसाद ने कहा कि तकनीक के आगमन के साथ चुनाव प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता आई है। वहीं, चर्चा में भाग लेते हुये तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी रॉय ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर लोगों की नागरिकता तय की जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह आज शाम चर्चा पर सरकार की ओर से उत्तर देंगे।

———————————————————————

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन — यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। श्री शेखावत ने कहा कि यह मान्यता केवल एक सम्मान नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है कि दीपावली एक जीवंत विरासत बनी रहे।

———————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा की याद में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है — **सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना।** इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

---

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। आज बिहार मानवाधिकार आयोग का सत्रहवां स्थापना दिवस भी है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की ओर से बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। पंद्रह जिलों के तीन सौ पंद्रह परीक्षा केंद्रों पर लगभग एक लाख चौंसठ हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुये।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्मय स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी रोड स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर पांच लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से सत्रह लाख रूपये से अधिक की रशि भी बरामद की गयी है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, मुंगेर जिले क हेमजापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पार्सल वैन से भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी जिला आज अपना चौवनवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हें।

---